# अंकिता भंडारी हत्याकांड में वीआईपी का नाम का पर्दाफाश करे भाजपा: माहरा

**माहरा ने कहा**

**8 आंकड़ों के अनुसार उत्तराखंड में 2022-23 में 907 बलात्कार और 778 अपहरण दर्ज हुए हैं**



**देहरादून**
प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने रविवार को भाजपा पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सार्वजनिक मंचों से नैतिक की दुहाई देते हैं, लेकिन अब तक अंकिता भंडारी हत्याकांड में कथित रूप से शामिल वीआईपी का कोई पता नहीं चला है।
कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में माहरा ने कहा कि एक तरफ तो मुख्यमंत्री के गृह जनपद में एक ही दिन में महंत और उसके शिष्य की दिनदहाड़े हत्या हो जाती है वहीं मुख्यमंत्री के विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी का मंडल अध्यक्ष कमल रावत दुष्कर्म में लिप्त पाया जाता है। वह अब तक अंकिता भंडारी हत्याकांड में कथित रूप से शामिल वीआईपी का नाम नहीं बता सकी है।
करन माहरा ने कहा कि ताजा आंकड़ों के अनुसार उत्तराखंड में 2022-23 में 907 बलात्कार और 778 अपहरण दर्ज हुए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कांग्रेस को नसीहत देने के बजाय अपने गिरेबान में झांके और अपने दल में फैली गंदगी को साफ करने का काम करें। उन्होंने भाजपा देहरादून के पूर्व महानगर अध्यक्ष विनय गोयल के बयान भी प्रेस के सामने रखते हुए कहा कि गोयल के बयानों से साफ परिलक्षित होता है कि भारतीय जनता पार्टी का चाल चरित्र और चेहरा क्या है? उन्होंने याद दिलाते हुए कहा कि भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष, देहरादून विनय गोयल ने महिलाओं के परिप्रेक्ष्य में तीन निम्न स्तर के बयान बाजी की थी, जिसका वीडियो और ऑडियो सोशल मीडिया पर बहुत वायरल हुआ था ।
उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि 14 जनवरी 2024 को एक ओर जहां कांग्रेस के नेता राहुल गांधी मणिपुर से भारत जोड़ो न्याय यात्रा का शुभारंभ करेंगे वही उत्तराखंड कांग्रेस 14 जनवरी से लेकर 16 जनवरी तक तीन दिन ब्लॉक और बूथ स्तर पर अंकिता भंडारी न्याय यात्रा का आयोजन करेगी।
पत्रकार वार्ता में करन माहरा के साथ मथुरा दत्त जोशी, गरिमा दसौनी, शीशपाल बिष्ट समेत कई नेता उपस्थित थे।

# भाजपा लोकसभा चुनाव बैठक शुरू, मुख्यमंत्री धामी हुए शामिल



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत वाजपेई और प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम ने राजपुर रोड स्थित एक होटल में रविवार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रदेश की लोकसभा चुनाव योजना बैठक का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। यह बैठक लोकसभा चुनाव के लिए काफी अहम मानी जारी है। यह बैठक कोर ग्रुप की तर्ज पर हो रही है।
लोकसभा योजना बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत वाजपेई, प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम, सह प्रभारी रेखा वर्मा ,प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, प्रदेश महामंत्री संगठन अजय कुमार, सांसद सहित प्रदेश पदाधिकारी, मंत्री बैठक में शामिल हुए हैं।

## न्यूज फ्लैश

### 25 जनवरी को होगा ड्रोन से दवा डिलवरी का पहला ट्रायल

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
कुमाऊं में आपात स्थित व दुर्गम क्षेत्रों के मरीजों तक ड्रोन से दवा पहुंचाने में नमो ड्रोन दीदी अहम भूमिका निभाएंगी। इसका पहला ट्रायल 25 जनवरी को हल्द्वानी मेडिकल कालेज से होने वाला है।
नमो ड्रोन दीदी ड्रोन से सामग्री उतारना और उस पर सामग्री चढ़ाने का करेंगी। इसके लिए स्वास्थ्य मंत्रालय भारत सरकार दीदी को प्रशिक्षण देगा। इसके बाद ड्रोन की कमान हर दीदी के हाथ में होगी।
उत्तराखंड के ऋषिकेश एम्स में ड्रोन डिलवरी प्रोजेक्ट के सफल परीक्षण के बाद अब हल्द्वानी के राजकीय मेडिकल कॉलेज में भी इसका परीक्षण होने जा रहा है, जिसकी तैयारियां जोर-शोर से चल रही है।
कॉलेज प्रबंधन ने बताया कि ड्रोन को चलाने के लिए 2-3 महिलाओं को परीक्षण दिया जाएगा। इन महिलाओं को नमो ड्रोन दीदी का नाम दिया गया है। ड्रोन से जहां दवाइयां भेजी जाएगी वहां दीदी ड्रोन से सामग्री उतारना और उस पर सामग्री चढ़ाने का कार्य करेंगी। इसके लिए दीदियों के चयन की प्रक्रिया चल रही है।
मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी ने बताया कि ड्रोन की भार क्षमता लगभग 5 किलो तक होगी। ड्रोन और उसे संचालित करने वाली दीदियों का सारा खर्च एनएचएम से मिलेगा। शुरूआत में ड्रोन को ट्रायल के तौर पर डेली चार्ज पर लिया जाएगा, जिसका प्रत्येक डिलीवरी पर भुगतान होगा। हल्द्वानी मेडिकल कॉलेज से 25 जनवरी को ड्रोन दवा लेकर उड़ान भरेगा। ड्रोन उड़ान भरेगा और दवा लेकर कोटाबाग सीएचसी जाएगा।

### नैनीताल बैंक ने 60 महिला समूहों को बांटा ऋण

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
नैनीताल बैंक की ओर से नारी शक्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में महिला उद्यमियों के क्षेत्र और देश के विकास में दिए जा रहे प्रयासों की सराहना की गई। बैंक की विभिन्न शाखाओं के अंतर्गत 60 महिला स्वयं सहायता समूहों को ऋण वितरित किया गया।
एमबीपीजी कॉलेज में आयोजित नारी शक्ति सम्मान समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि नैनीताल के सीडीओ अशोक कुमार पांडेय सहित विशिष्ट अतिथि समाज कल्याण विभाग की वित्त नियंत्रक कमलेश भंडारी, एमबीपीजी के प्राचार्य प्रो. नरेंद्र सिंह बनकोटी, महिला डिग्री कॉलेज की प्राचार्या प्रो. शशि पुरोहित, बैंक के प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी निखिल मोहन ने संयुक्त रूप से किया। प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी निखिल मोहन ने कहा कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य कर विभिन्न महिला स्वयं सहायता समूह न सिर्फ परिवार के लिए अतिरिक्त आमदनी अर्जित कर रहे हैं, बल्कि समाज और क्षेत्र के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।
मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. दीपक पंत ने बैंक की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कहा कि भविष्य में भी नारी शक्ति को सशक्त बनाने की दिशा में बैंक कार्य करेगा। यहां बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक संजय लाल साह, उप क्षेत्रीय प्रबंधक रुचि पंत, पूर्व सभासद गंगा जोशी, भागीरथी देवी, परविंदर कौर, रिचा कुमारी, रेनू शर्मा, उपासना खाती, स्वाती अरजरिया, अंजली वत्स, मनीषा बाफिला, दीपा बिष्ट, कृतिका अग्रवाल, दया मेहता आदि रहे।

### कुमाऊं कमिश्नर दीपक ने प्रतिबंधित पॉलीथिन के गोदाम में की छापेमारी.

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
हल्द्वानी में कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत में आज बनभूलपुरा क्षेत्र में प्रतिबंधित पॉलीथिन की एक गोदाम में छापेमारी की है, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। छापेमारी के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह भी मौजूद रही। यह कार्रवाई ख्वाजा मस्जिद के पास किदवई नगर में की गई है, जहां पर भारी मात्रा में प्रतिबंधित पॉलीथिन पकड़ी गई है। इस दौरान कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत कार्रवाई में जुटे हुए हैं। उनके द्वारा यह निर्देश दिए गए हैं कि शहर में किसी भी तरह से प्रतिबंधित पॉलीथिन की बिक्री न की जाए।

# दून में ज्योतिषियों का महाकुंभ

**देहरादून /टीम एक्शन इंडिया**
राजधानी देहरादून में आयोजित ज्योतिष महाकुंभ को लेकर शहरवासियों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। दो दिवसीय महाकुंभ का शुभारंभ रविवार को राज्य राज्यपाल ले.जन. गुरमीत सिंह (सेनि) किया। इसी के साथ ज्योतिषियों से निशुल्क परामर्श लेने के सिलसिला भी शुरू हुआ। छठे ज्योतिष महाकुंभ का आयोजन इस वर्ष भी ग्राफिक एरा डीम्ड यूनिवर्सिटी परिसर में ही किया गया। महाकुंभ में देश के नामचीन ज्योतिषी निशुल्क परामर्श दे रहे हैं। अगर आपके पास कुंडली नहीं है तो मौके पर ही यह सुविधा भी मिलेगी।
वास्तु संबंधी परामर्श के लिए घर का नक्शा लेकर आना होगा।
महाकुंभ के शुभारंभ के साथ ही आम लोगों के लिए निशुल्क परामर्श सुविधा शुरू कर दी गई। इस दौरान हस्तरेखा, कुंडली विशेषज्ञ, टैरो कार्ड रीडर, न्यूमैरोलॉजी, हस्ताक्षर के साथ ही वास्तु के विशेषज्ञ परामर्श के लिए ले रहे हैं।
महाकुंभ में लाल किताब के विशेषज्ञ आचार्य जीडी वशिष्ठ, पंडित केए दूबे पद्मेश, आचार्य इंदु प्रकाश, पंडित अजय भांबी, आचार्य डॉ. वाई राखी, पंडित पुरुषोत्तम गौड़, डॉ. संजीव श्रीवास्तव, आचार्य आनंद, हस्तरेखा विशेषज्ञ पंडित लेखराज शर्मा, वास्तुविद् पंडित सतीश शर्मा, हस्तरेखा विशेषज्ञ पंडित लक्ष्मीकांत त्रिपाठी समेत देश के नामी ज्योतिषी होंगे।

# श्रीराम शांति के स्वरूप भी हैं और शक्ति के भी : डॉ अग्रवाल



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
क्षेत्रीय विधायक और मंत्री डा. प्रेमचंद अग्रवाल ने कार्यकताओं के साथ अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त राम भक्तों को आमंत्रित किया। इस दौरान अक्षत कलश यात्रा का ग्रामसभा श्यामपुर के जगत विहार में स्वागत किया गया। कलश के स्वागत के साथ जय श्री राम के नारे लगे।
रविवार को कलश यात्रा के दौरान डा. अग्रवाल ने कहा कि 500 साल के लंबे संघर्षों एवं कई बलिदानों के बाद सत्य सनातन धर्म के प्रभु श्रीराम अयोध्या में बन रहे भव्य दिव्य नव्य मंदिर में 22 जनवरी को विराजमान होंगे। कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसका विधिवत लोकार्पण करेंगे, जो हर भारतीय के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने हमेशा लोगों के हितों और श्रद्धा को ध्यान में रखते हुए कार्य किया है। आम जनमानस को प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद स्वरूप पूजित अक्षत एवं श्रीराम मंदिर का चित्र भी वितरित किया।
डॉ. अग्रवाल ने बताया कि श्रीराम जन्मभूमि के आंदोलन के दौरान उनकी भूमिका श्रीराम कार सेवक समिति के जिला संयोजक के रूप में रही। मंदिर बनाने को लेकर तत्काल यूपी की तानाशाही यादव सरकार की लाठियां भी खाई। आज उन्हें बहुत गर्व हो रहा है। उन्होंने कहा कि भगवान राम के जीवन की एक-एक घटना और उनका प्रत्येक निर्णय हमें एक आदर्श व्यक्ति बनाने के लिए काफी है। कहा कि श्रीराम शांति के स्वरूप भी हैं और शक्ति के भी। उन्होंने कहा कि यह बड़े सौभाग्य की बात है कि हम सभी 22 जनवरी को उस घड़ी के साक्षी होने जा रहे है। जब रामलला अपने जन्मस्थान में विराजित होंगे। कहा कि भगवान राम के कृतित्व ने मुझे जीवन में सही राह चुनने में हमेशा मदद की।

# हरीश रावत ने फिर उठाया गन्ना किसानों के भुगतान का मुद्दा

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत ने सोशल मीडिया पर एक ट्वीट के माध्यम से गन्ने की खरीद का मुद्दा उठाया है।
रविवार को अपने ट्वीटर से ट्वीट करते हुए हरीश रावत ने कहा है कि गन्ने का पिराई का सीजन आधे से ज्यादा बीत चुका है। किसान को अभी भी अपने गन्ने का खरीद मूल्य मालूम नहीं है। किसान संगठन निरंतर आवाज उठा रहे हैं, हमने भी उनकी आवाज में आवाज मिलाने का काम किया था। बीच में अस्वस्थता के कारण मुझे किसान सम्मान यात्राएं स्थगित करनी पड़ी। अब मैंने तय किया है कि मैं 11 जनवरी, 2024 को दोपहर 2 बजे, बालावाली चौक लक्सर से लक्सर की तहसील तक #पदयात्रा करूंगा।
हमारी मांग है, गन्ने का खरीद मूल्य घोषित करो ?425 के पार, मुआवजा देने में जो सरकार ने अपमान किया है। किसान का उसके लिए सरकार किसानों से क्षमा मांगे, ट्यूबवेल इत्यादि जो खराब पड़े हैं उनको जल्दी ठीक करो, मांगें बहुत सारी हो सकती हैं लेकिन प्रमुख मांग है #गन्ने का खरीद मूल्य घोषित करो। आप सब किसान हितैषी 11 जनवरी को 2 बजे, बालावाली चौक पर सादर आमंत्रित हैं और यदि मामला तब भी हल नहीं हुआ तो याद रखना हमारा अगला मुकाम लब्बिाहेड़ी व डोईवाला चीनी मिल होगी।

# स्कूल से चोरी करते रंगे हाथों पकड़ा, साथी फरार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
स्कूल से सामान चोरी करने के आरोपित को पुलिस ने रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से चोरी का सामान बरामद कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है।
कोतवाली रानीपुर को बीएचईएल जैन मन्दिर के पास बंद पडे.बाल भारती स्कूल में चोरी करने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने चोरी करते हुए आरोपित को रंगेहाथों गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम विवेक बक्शी पुत्र स्व. अरुण बक्शी निवासी विष्णुलोक कालोनी रानीपुर हरिद्वार बताया।

# मासूम को हर की पैड़ी पर सोता छोड़कर चला गया था पिता, पुलिस ने मासूम को मां से मिलवाया



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
गाजियाबाद से हरिद्वार आया एक व्यक्ति भरी सर्दी में अपने बेटे को घाट पर सोता हुआ छोड़कर चला गया था। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद मासूम को उसकी मां से मिलवाया। बेटे के मिलने पर मां ने पुलिस का आभार जताया।
बीती 3 जनवरी को एएचटीयू टीम को हर की पैड़ी क्षेत्र सुभाष घाट से ठंड में ठिठुरते हुए लावारिस हालत में घूमते हुए एक 10 वर्ष का बच्चा मिला। ठंड से ठिठुर रहे बच्चे को पुलिस ने गर्म कपड़े दिलाए और बालगृह में संरक्षण दिया।
बच्चे के परिजनों की तलाश में जुटी एएचटीयू पुलिस टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद बालक की माता को गाजियाबाद से तलाश करने में सफलता हासिल की। इसके बाद महिला अपने देवर के साथ बच्चे को लेने हरिद्वार पहुंची।
बच्चों के परिजनों को बाल कल्याण समिति रोशनाबाद के समक्ष प्रस्तुत कर काउंसलिंग के बाद मासूम बालक को उसकी माता के सुपुर्द कर दिया। बच्चे की मां ने बताया कि मासूम 04 भाई हैं। 03 साल पूर्व उसके माता-पिता में विवाह विच्छेद होने के कारण उसकी मां 03 बच्चों के साथ उसके ननिहाल में रह कर उनका पालन पोषण कर रही थी। वहीं मासूम 03 साल से अपने पिता के पास फिरोजाबाद में रह रहा था।पिता शराब का आदी होने के कारण मासूम को 31 दिसम्बर को हरिद्वार घूमाने के बहाने लाया और रात्रि में नींद में सोता हुआ छोड़ कर कहीं चला गया। सुबह आंख खुलने पर मासूम ने अपने पिता को खोजा पर वो नहीं मिला। मांग कर मासूम ने अपने पेट की आग को बुझाया। पुलिस ने बच्चे को उसकी मां के सुपुर्द कर दिया। 3 वर्ष बाद बच्चे से मिलने पर मां ने पुलिस का आभार जताया।

# दो चोरों को किया गिरफ्तार, आठ बाइकें बरामद

**खुलासा**

**8 चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए नाबालिग को हिरासत में लेकर दो और लोगों को गिरफ्तार किया है**



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
पुलिस ने दुपहिया वाहन चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए नाबालिग को हिरासत में लेकर दो और लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के पास से चोरी की आठ बाइकें बरामद भी की हैं। आरोपित नशे की लत को पूरा करने की लिए चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे।
रुड़की सिविल लाइंस कोतवाली में घटना का खुलासा करते हुए एसपी देहात स्वप्न किशोर सिंह ने बताया कि नाबालिग समेत तीनों आरोपित नशे के आदी हैं और नशे का शौक पूरा करने के लिए वाहन चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। पुलिस पूछताछ में आरोपितों के पास से चोरी की 08 बाइकें बरामद की हैं।
उन्होंने बताया कि चोरी करने के बाद आरोपित औने-पौने दाम में चोरी किए वाहनों को बेचकर अपना शौक पूरा करते थे। पकड़े गए आरोपितों के नाम सलमान पुत्र लियाकत, सहबाज पुत्र मुस्लिम निवासीगण ग्राम जौरासी थाना कोतवाली रुड़की हरिद्वार व एक नाबालिग शामिल है। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनका चालान कर दिया है।

# पर्यावरण जागरूकता के लिए महाराष्ट्र के रोहन नाप चुके हैं कई देश



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
यदि दृढ़ इच्छा शक्ति और मन में कुछ कर गुजरने की चाह हो तो व्यक्ति बहुत कुछ कर सकता है। ऐसा ही कर दिखाया है महाराष्ट्र के 18 वर्षीय रोहन अग्रवाल ने, जो अब तक कई प्रदेशों की राजधानियों से होते हुए दो देश भी नाप चुके हैं।
महाराष्ट्र के नागपुर निवासी रोहन अग्रवाल 18 वर्ष की आयु में ही यायावर हो गए। वह 18 वर्ष की उम्र से विश्व भ्रमण कर 20 हजार किलोमीटर की यात्रा कर चुके हैं। भारत के 27 राज्यों, बांग्लादेश के 64 जिलों और नेपाल के कई हिस्सों में पदयात्रा कर चुके रोहन अग्रवाल तीन साल से प्लास्टिक के खतरे और उनके प्रभावों को लेकर लोगों में जनजागरूकता फैला रहे हैं।
रोहन अग्रवाल ने एक बातचीत में बताया कि उन्होंने जनता को प्रदूषण और प्लास्टिक के खतरनाक स्वरूप से जागरूक करने का निर्णय लिया है। इसी उद्देश्य वह यात्रा पर निकले हुए हैं और वह लगातार चल रहे हैं। वह इन दिनों रोहन अग्रवाल उत्तराखंड में है। उन्होंने बताया कि पर्यावरण जागरूकता के लिए चल रही इस यात्रा में अब तक मैं 22 हजार किलोमीटर चल चुके हैं। कई बार जहां आवश्यकता होती है, वहां कुछ लोगों से यात्रा के लिए सहयोग मांग कर यात्रा पूरी करता हूं। ऐसे में निर्जन और जंगली क्षेत्र प्रमुख हैं, जहां प्राणों को संकट होता है। उन्होंने बताया कि नेपाल में 20 दिन रहने के बाद अब मैं उत्तराखंड के प्रवास पर हूं।
रोहन अग्रवाल विकासनगर, देहरादून, हरिद्वार, ऋषिकेश, नई टिहरी, उत्तरकाशी, देवप्रयाग, श्रीनगर, पौड़ी, रानीखेत, अल्मोड़ा, बागेश्वर, मुनस्यारी, धारचूला, पिथौरागढ़ के साथ-साथ नैनीताल, हल्द्वानी, रुद्रपुर से देहरादून पहुंचकर 50 किलोमीटर की यात्रा कर चुके हैं।
उन्होंने बताया कि पर्यावरण के बारे में अपना संदेश देने के लिए मैंने कई स्कूलों और संस्थानों का दौरा किया है। बाद में मैं साइबेरिया में ओमियाकोम तक चलूंगा, जहां तापमान -72 डिग्री है और यह पृथ्वी पर सबसे ठंडा स्थान है और मैं भारत से जमीन के रास्ते वहां पहुंचने वाला पहला दक्षिण एशियाई बनूंगा। साइबेरिया के रास्ते में मैं अगले 5 वर्षों में दक्षिण एशिया के 20 देशों को पार करूँगा।
केंद्र शासित प्रदेश सहित भारत का 28 राज्यों और नेपाल और बांग्लादेश के 21 हजार किलोमीटर की पदयात्रा करते हुए उत्तराखंड पहुंचा पहुंचा हूं। यह पदयात्रा 3 साल 4 महीना की हुई है। यात्रा का उद्देश्य पर्यावरण के प्रति सजग और जागरूकता का संदेश स्कूल और पब्लिक स्थानों पर देने का काम करते हैं। म्यांमार थाईलैंड कंबोडिया, लाउस वियतनाम, चाइना होते हुए मकाऊ मंगलोलिया, रसिया, साइबेरिया जाऊंगा।

# देव दर्शन कार्यक्रम के तहत सरस्वती विधा मंदिर इंटर कॉलेज के स्टूडेंट्स कुंभ नगरी रवाना




**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
देव दर्शन कार्यक्रम के तहत सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के स्टूडेंट्स आज कुंभ नगरी हरिद्वार के लिए रवाना हुए।
रविवार की सुबह मुख्य अतिथि विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य गिरीश शर्मा,अतिथि समाजसेवी भूपेंद्र सिंह और प्रधानाचार्य उमाकांत पंत ने हरी झंडी दिखाकर बसों को रवाना किया।
मुख्य अतिथि गिरीश शर्मा ने सभी को इस यात्रा के लिए सभी को बधाई देते हुए कहा कि माता रानी सभी का कल्याण करें।
प्रधानाचार्य उमाकान्त पंत ने बताया कि आज विद्यालय के लगभग 430 छात्र छात्राएं हरिद्वार स्थित मां चंडी देवी दर्शन के लिए गए हैं। विद्यालय के मीडिया प्रभारी नरेंद्र खुराना ने बताया देव दर्शन यात्रा के दौरान राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत छात्र छात्राओं का समग्र विकास और मूल्यांकन किया जा सके इसलिए इस तरह की यात्रा व दर्शन आवश्यक है।

# ज्योतिष भी एक विज्ञान है : राज्याल

## राज्यपाल ने ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी में छठे ग्राफिक एरा और हिन्दी दैनिक के ज्योतिष महाकुंभ का शुभारंभ किया

**ज्योतिष महाकुंभ**

**8 दो दिवसीय ज्योतिष महाकुंभ में देश भर के नामी ज्योतिषाचार्य प्रतिभाग कर रहें है**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने रविवार को ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी में छठे ग्राफिक एरा और हिन्दी दैनिक के ज्योतिष महाकुंभ का शुभारंभ किया। इस दो दिवसीय ज्योतिष महाकुंभ में देश भर के नामी ज्योतिषाचार्य प्रतिभाग कर रहें है।

महाकुंभ में प्रसिद्व ज्योतिष दो दिन निःशुल्क परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।
उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने देश के विभिन्न हिस्सों से पधारे ज्योतिष विद्वानों का देवभूमि में स्वागत करते हुए भव्य आयोजन के लिए आयोजकों के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में ज्योतिष शास्त्र की लंबी परंपरा और गौरवशाली इतिहास रहा है। विगत कई वर्षों से उत्तराखंड की धरती से भारत में ज्योतिष के प्रचार-प्रसार के लिए यह ज्योतिष महाकुंभ अनूठा कार्य



है। हमारे प्राचीन ज्योतिष अध्ययन को प्रोत्साहित करने के लिए इस प्रकार के आयोजन नितांत जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि ज्योतिष ऐसा विज्ञान है जिसके माध्यम से संसार में समरसता दी जा सकती है। ज्योतिष शास्त्र में सभी समस्याओं का समाधान निहित है।

पर्यावरण से लेकर समाज सुधार तक का काम ज्योतिष शास्त्र से किया जा सकता है। उन्होंने आग्रह किया कि समाज हित के लिए ज्योतिष विज्ञान के जरिए सार्थक प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि मेडिकल साइंस की तरह ज्योतिष भी एक विज्ञान है बस इसे वैज्ञानिक दृष्टिकोण से समाज के सामने लाना जरूरी है। इसके लिए अंतरराष्ट्रीय पटल पर इस विज्ञान को सामने लाने की जरूरत है।
इस कार्यक्रम में अनूप वाजपेयी ने उपस्थित लोगों का स्वागत किया। इस अवसर पर मशहूर ज्योतिषाचार्य पं. सतीश चंद शर्मा, आचार्य जीडी वशिष्ट, पं. के.ए. दूबे ने ज्योतिष विज्ञान के संदर्भ में अपने-अपने विचार रखे। कार्यक्रम में पंकज शर्मा, ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति कमल घनसाला, ज्योतिषाचार्य पं. अजय भांबी, पं लेखराज शर्मा, संजीव श्रीवास्तव, विनोद त्यागी, आचार्य वाई.राखी, सहित अन्य ज्योतिषाचार्य और विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# बड़ी संख्या में लोग हुए कांग्रेस में शामिल

**सदस्यता**

**8 प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष के प्रयासों से बड़ी संख्या में लोगों कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा की उपस्थिति में रविवार को श्रम कांग्रेस प्रकोष्ठ के कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश कौशल के प्रयासों से बड़ी संख्या में लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।
प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा की उपस्थिति में श्रम कांग्रेस प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश सिंह कौशल के प्रयासों से बड़ी संख्या में लोगों कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व राज्यमंत्री विशाल डोभाल ने की।
पार्टी में शामिल होने वालों का स्वागत करते हुए करन माहरा ने कहा कि इन सभी साथियों के कांग्रेस पार्टी में आने से संगठन को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा के नकारापन के कारण आज कांग्रेस पार्टी में शामिल होने वालों की संख्या से साफ जाहिर होता है कि भाजपा के कुशासन से समाज का हर तबका त्रस्त हो चुका है। सदस्यता ग्रहण करने वालों में राजेश बत्रा, अमित कुमार, गगनदीप दिवाकर, रिपेश राणा, दिपेश कुमार चौधरी, कीर्ति पोखरियाल, गीता रावत, आदि शामिल थे।
इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष संगठन प्रशासन मथुरा दत्त जोशी, प्रदेश महामंत्री नवीन जोशी, महानगर अध्यक्ष डॉ0 जसविंदर सिंह गोगी, आनन्द जगूडी, मधु इलियास, फहिम खान, शिवम कुमार, सोनू तिवारी, भरत सिंह, चुन्निलाल डिंगिया आदि उपस्थित थे।

## प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने का देवेन्द्र दास को आया निमंत्रण

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
भगवान श्रीराम की अयोध्या नगरी से श्रीमहंत देवेन्द्र दास महाराज को निमंत्रण पत्र आया है। 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में देश विदेश से कुछ चुनिंदा गणमान्य व्यक्तियों के शामिल होने का निमंत्रण है।श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चम्पत राय की ओर से व्यक्तिगत निमंत्रण पत्र श्री दरबार साहिब देहरादून के सज्जादा गद्दीनशीन श्रीमहंत देवेन्द्र दास महाराज को भेजा गया है। ऐसे में प्रभु श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में भाग लेने के लिए श्रीमहंत देवेन्द्र दास महाराज का अयोध्या प्रस्थान प्रस्तावित है।

# सिलक्यारा सुरंग निर्माण शुरू करने की तैयारी तेज, पानी हटाने का काम शुरू

**निर्देश**

**8 मंत्रालय से सिलक्यारा सुरंग निर्माण में अतिरिक्त सुरक्षा बरतने संबंधी निर्देश मिल चुके हैं।**

**सिलक्यारा/टीम एक्शन इंडिया**
सिलक्यारा सुरंग निर्माण में अतिरिक्त सुरक्षा के साथ मलबा हटाने से पहले पानी निकालने का काम शुरू कर दिया गया है। एनएचआईडीसीएल के विशेषज्ञों की निगरानी में नवयुगा कंपनी की टीम काम करेगी।
41 मजदूरों के फंसने के बाद से बंद पड़े सिलक्यारा सुरंग के निर्माण को दोबारा शुरू करने की



तैयारी तेज हो गई है। इस कड़ी में बड़कोट सिरे से निर्माण शुरू करने के साथ ही सिलक्यारा की ओर से भी पानी हटाने का काम शुरू हो गया है। जिसके बाद मलबे को सुरक्षित तरीके से हटाया जाएगा। नेशनल हाईवे एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कारपोरेशन (एनएचआईडीसीएल) के निदेशक अंशु मनीष खल्खो ने बताया कि जांच समिति की प्राथमिक रिपोर्ट के तहत मंत्रालय से सिलक्यारा सुरंग निर्माण में अतिरिक्त सुरक्षा बरतने संबंधी निर्देश मिल चुके हैं। उन्होंने बताया कि सुरंग के बड़कोट सिरे से निर्माण कार्य पहले ही शुरू कराया जा चुका है।
विशेषज्ञ सुरंग निर्माण के दौरान करेंगे निगरानीअब सिलक्यारा की ओर से भीतर पानी जमा होने की सूचना मिली है। उन्होंने बताया कि सुरंग के भीतर रिसाव की सामान्य प्रक्रिया है लेकिन करीब दो माह से काम बंद होने से भीतर पानी जमा हो गया है। इस पानी को निकालने का काम शुरू हो गया है। उन्होंने बताया कि पानी निकालने के बाद सुरक्षित तरीके से मलबा हटाया जाएगा और सुरंग निर्माण का काम इधर से भी शुरू होगा। बताया कि इस बार सुरंग के भीतर की भूगर्भीय संरचना की भी निगरानी की जा रही है।
एनएचआईडीसीएल के विशेषज्ञ सुरंग निर्माण के दौरान निगरानी करेंगे। किसी सूरत में लापरवाही नहीं होने दी जाएगी। गौरतलब है कि 12 नवंबर को सिलक्यारा सुरंग में मलबा गिरने से 41 मजदूर भीतर फंस गए थे। इन सभी को 17 दिन लंबे रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद सुरक्षित बाहर निकाला गया था। इसके बाद मंत्रालय ने जांच बैठा दी थी। जांच समिति ने दस दिन के भीतर मंत्रालय को प्राथमिक जांच रिपोर्ट सौंप दी थी। अब विस्तृत जांच रिपोर्ट आनी बाकी है।
सिलक्यारा सुरंग साढ़े चार किलोमीटर लंबी है। सुरंग में बीच का करीब 480 मीटर हिस्सा बचा है। इसका निर्माण होने के बाद सुरंग तैयार हो जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### अब हिमालय और माउंट एवरेस्ट भी फतह करेंगे होमगार्ड, पहल करने वाला देश का पहला राज्य बनेगा प्रदेश


**रुड़की/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड देश का पहला ऐसा प्रदेश होगा, जिसमें पहली बार होमगार्डों का पर्वतारोही दल बनेगा। इससे पहले किसी भी प्रदेश में यह पहल शुरू नहीं की गई है। इस पर्वतारोही दल में प्रदेश के युवा होमगार्डों को शामिल किया जाएगा। आईजी खुराना ने प्रदेश के सभी जिला कमांडेंट को निर्देश जारी कर दिए हैं।
अब सूबे के होमगार्ड हथियार चलाने के साथ-साथ हिमालय और माउंट एवरेस्ट की भी चढ़ाई चढ़ेंगे। कमांडेंट जनरल होमगार्ड आईजी खुराना ने सभी जिला होमगार्ड कमांडेंट से पर्वतारोही दल में शामिल होने के इच्छुक होमगार्डों से आवेदन मांगे हैं।
इसके बाद दल बनाकर नेहरू पर्वतारोहण संस्थान (निम) उत्तरकाशी में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद होमगार्डों की प्रदेश, देश ही नहीं, बल्कि विश्वभर में पहचान होगी। आईजी केवल खुराना की ओर से लगातार प्रदेश के होमगार्डों को सशक्त बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। अब आईजी खुराना ने होमगार्डों का एक पर्वतारोही दल बनाने की पहल शुरू की है।
इसी के साथ ही उत्तराखंड देश का पहला ऐसा प्रदेश होगा, जिसमें पहली बार होमगार्डों का पर्वतारोही दल बनेगा। इससे पहले किसी भी प्रदेश में यह पहल शुरू नहीं की गई है। इस पर्वतारोही दल में प्रदेश के युवा होमगार्डों को शामिल किया जाएगा। आईजी खुराना ने प्रदेश के सभी जिला कमांडेंट को निर्देश जारी कर दिए हैं।
साथ ही अपने-अपने जिले के इच्छुक होमगार्डों के आवेदन प्राप्त कर देहरादून मुख्यालय भेजने के निर्देश दिए हैं। होमगार्डों ने आवेदन भी शुरू कर दिए हैं। आवेदन मिलने के बाद उनका चयन किया जाएगा। इसके बाद उन्हें प्रशिक्षण दिया जाएगा।
दल में शामिल होंगे 30 से 35 होमगार्ड
आईजी ने बताया, देश में उत्तराखंड पहला प्रदेश बनेगा जिसमें होमगार्डों का एक पर्वतारोही दल होगा। इस दल में 30 से 35 जवानों को शामिल किया जाएगा। निम में जवानों को एसडीआरएफ की ओर से प्रशिक्षण दिया जाएगा।
होमगार्डों में भारी उत्साह
आईजी केवल खुराना की ओर से शुरू की गई पहल से होमगार्डों में भारी उत्साह है। उनका कहना है कि आईजी केवल खुराना की ओर से उन्हें सशक्त बनाने के साथ ही प्रदेश और देश में पहचान दिलाई जा रही, जो एक सराहनीय पहल है।

### चयन के बाद भी अभिलेख सत्यापन में न आने वाले 156 अभ्यर्थी भर्ती से बाहर, सात दिन का दिया था समय

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
आयोग ने 16 अगस्त से 13 सितंबर तक अपने कार्यालय में अभिलेख सत्यापन किया। सत्यापन में निर्धारित तिथियों पर शामिल न होने वालों को आगामी सात दिन का अवसर दिया गया, लेकिन वह नहीं आए। इन सभी की सूची जारी करते हुए आयोग ने इनकी उम्मीदवारी खत्म कर दी है। अब ये इस भर्ती से बाहर हो गए हैं।
चयन के बाद अभिलेख सत्यापन में न पहुंचने वाले 156 अभ्यर्थियों को उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने स्नातक स्तरीय भर्ती से बाहर कर दिया है। इन सभी को सात दिन का समय भी दिया गया था। आयोग के सचिव एसएस रावत की ओर से आदेश जारी किए गए।
आदेश के मुताबिक, आयोग ने छात्रावास अधीक्षक, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी, मैट्रन केयर सह हॉस्टल इंचार्ज, सहायक चकबंदी अधिकारी, सहायक प्रबंधक उद्योग, सहायक समाज कल्याण अधिकारी, सहायक समीक्षा अधिकारी, सहायक स्वागती, संरक्षक कम डाटा एंट्री ऑपरेटर, संवीक्षक सुपरवाइजर पदों पर भर्ती के लिए पिछले साल नौ जुलाई को पुर्नपरीक्षा आयोजित की थी।
इसका परिणाम जारी करते हुए आयोग ने 16 अगस्त से 13 सितंबर तक अपने कार्यालय में अभिलेख सत्यापन किया। सत्यापन में निर्धारित तिथियों पर शामिल न होने वालों को आगामी सात दिन का अवसर दिया गया, लेकिन वह नहीं आए। इन सभी की सूची जारी करते हुए आयोग ने इनकी उम्मीदवारी खत्म कर दी है।

# पांच साल में 10 हजार करोड़ शिक्षा पर करेंगे खर्चः रामदेव

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
पतंजलि गुरुकुलम और आचार्यकुलम के शिलान्यास समारोह में योग गुरु बाबा रामदेव ने कहा- जो देश से पाया, उसे वापस लौटाना है। कहा कि पतंजलि गुरुकुल सनातन के ध्वजवाहक तैयार करेगा, जो पूरे विश्व में भारतीय संस्कृति का प्रचार-प्रसार करेंगे।
पतंजलि योगपीठ के 29वें स्थापना दिवस, महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती पर पतंजलि गुरुकुलम और आचार्यकुलम के शिलान्यास कार्यक्रम में स्वामी रामदेव ने कहा, अभी 500 करोड़ की लागत से गुरुकुलम और आचार्यकुलम तैयार करने की योजना है। साथ ही अगले पांच सालों में पांच से 10 हजार करोड़ रुपये शिक्षा के अनुष्ठान में खर्च करने का लक्ष्य है। कहा, जो देश से पाया, उसे इस देश को वापस लौटाना है। हमने महर्षि दयानंद के पदचिह्नों पर चलकर योगधर्म से राष्ट्रधर्म को सर्वोपरि रखा है। महर्षि दयानंद ने एक ओर वेद धर्म, सनातन धर्म की बात की तो दूसरी ओर राष्ट्र धर्म के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले बलिदानी तैयार किए। हमने गुरुकुल से शिक्षा प्राप्त कर मानव सेवा के लिए विशाल अर्थ साम्राज्य स्थापित किया।
बाबा रामदेव ने कहा, पतंजलि गुरुकुल सनातन के ध्वजवाहक



तैयार करेगा, जो पूरे विश्व में भारतीय संस्कृति का प्रचार-प्रसार करेंगे। पतंजलि योगपीठ के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण ने कहा, स्वामी दर्शनानंद ने अल्प संसाधनों से यह संस्था प्रारंभ कर एक स्वप्न देखा था, जिसे स्वामी रामदेव साकार कर रहे हैं। इस संस्था ने अपनी युवावस्था के गौरव को देखा है। कहा, कहीं न कहीं यह संस्था अपनी वृद्धावस्था की तरफ जा रही थी, लेकिन स्वामी के तप और पुरुषार्थ से यह पुनः अपने अतीत के गौरव को समेटे हुए वैभव प्राप्त करेगी।
उज्जैन में गुरुकुल स्थापित करने के लिए आमंत्रण
मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्वामी रामदेव को उज्जैन में गुरुकुल स्थापित करने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने आह्वान किया कि स्वामी रामदेव मध्य प्रदेश से पतंजलि के सभी प्रकल्पों को संचालित करें।

## तापमान गिरने से टमाटर की फसल में लगा झुलसा

**हमीरपुर/टीम एक्शन इंडिया**
कुरारा विकासखंड क्षेत्र के सरसई गांव में बदलते मौसम के चलते तापमान गिरने से टमाटर की फसल में झुलसा रोग लगने से वे नष्ट होने के कगार पर पहुंच गई हैं। रविवार को किसान टमाटर की फसल के बचाव के लिए कृषि वैज्ञानिक से सलाह लेने में जुटे हुए हैं।
विकासखंड क्षेत्र में बीते 10 दिनों से पड़ रही कड़ाके की सर्दी व धूप न निकलने से तापमान में गिरावट आने से किसानों की फसलें खराब हो रही हैं। सरसई गांव में टमाटर की खेती करने वाले किसान अरविंद कुमार, अशोक कुमार, संतराम कुशवाहा, श्रीकांत आदि ने रविवार को बताया कि गांव में कुछ किसान सब्जी की खेती करते हैं।

# भाजपा ने शुरू किया दीवार लेखन का कार्य, लिखा अबकी बार चार सौ पार

**अभियान**

**8 लोकसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत के लिए दीवार लेखन अभियान का कार्य शुरू किया गया है**

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों ने रानीपुर विधानसभा के चौक बाजार मंडल के रघुनाथ मंदिर बूथ संख्या 15 से दीवार लेखन का कार्य शुरू किया।
दीवार लेखन में तीसरी बार मोदी सरकार, अबकी बार 400 पार के नारे को प्रमुखता से लिखा जा रहा है। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी शैलेंद्र बिष्ट भाजपा, जिला अध्यक्ष संदीप गोयल, रानीपुर विधायक आदेश चौहान सहित भाजपा के कार्यकर्ता धीरवाली पहुंचे और दीवार लेखन का कार्य शुरू किया।
आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत के लिए वातावरण बनाने के उद्देश्य से दीवार लेखन अभियान का कार्य शुरू किया गया है। जिला अध्यक्ष संदीप गोयल ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत जिले के प्रत्येक बूथ पर दीवार लेखन का कार्य किया जाएगा, जिसमें बूथ में रहने वाले कार्यकर्ता की सहभागिता रहेगी।
इस अवसर पर चौक बाजार मंडल अध्यक्ष मोहित शर्मा, दीवार लेखन जिला संयोजक नेत्रपाल चौहान, जिला महामंत्री आशुतोष शर्मा, आशु चौधरी, जिला उपाध्यक्ष लव शर्मा, नकली राम सैनी, अभिनंदन गुप्ता, हंसराज कटारिया, अभिनव चौहान, शशिकांत वशिष्ठ, आनंद सिंह नेगी, प्रमोद सैनी, विश्वास जैन योगेंद्र सैनी आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बिना सबूतों के आरोप लगाने से बाज आये कांग्रेस नेता : मनवीर

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कांग्रेस की ओर से उसके नेताओं पर अनर्गल आरोप और अमर्यादित बोल को लगातार मिल रही हार और खीज का परिणाम बताते हुए कहा कि बिना सबूतों के आरोप लगाने से कांग्रेस नेता बाज आये।
भाजपा मीडिया प्रभारी चौहान ने एक जारी बयान में कहा कि अंकिता हत्याकांड में कांग्रेस को न दिवंगत बेटी अंकिता और न ही उस परिवार से कांग्रेस को कोई लेना देना है, बल्कि वह शुरूआत से ही किसी न किसी तरह भाजपा नेताओं को निशाने पर लेकर दुष्प्रचार को हवा दे रही है। उन्होंने कांग्रेस की मंशा पर सवाल उठाते



हुए कहा कि पूर्व में अंकिता के परिजनों की ओर से कांग्रेस की हर सुझाव को ठुकराने के बाद एकाएक वह कैसे चरित्र हनन की राजनीति पर उतारू हो गयी है। कांग्रेस ने पहले भी यात्रा निकाली थी, तब उसमें न अंकिता के परिजनों ने शिरकत की और न ही उसे स्थानीय स्तर पर कोई सहयोग मिला।
इस बार अंकिता के परिजनों के द्वारा आवेश में कुछ आरोपों को ढाल बनाकर कांग्रेस अब भाजपा के नेताओं के खिलाफ षड्यंत्र कर उन्हें चारित्रिक रूप से बदनाम करने की साजिश कर रही है। हालांकि अंकिता के हत्यारों को सजा दिलाने के लिए जांच एजेंसियों ने कोई कसर नही छोड़ी है। मुख्यमंत्री स्तर तक परिजनों और प्रशासन का संवाद बना हुआ है। परिजनों की ओर से अब तक जिस तरह से जांच में सहयोग की मांग की गयी, उसे समय पर पूरा किया गया।
उन्होंने कहा कि परिजनों को आधार बनाकर कांग्रेस हवा दे रही है, असल में वह आवेश में कही गयी बात है। एक कथित एक्टिविस्ट के समर्थन में वह अपनी बात पहुंचाते हुए यहां तक पहुंच गयी।
अगर कांग्रेस उस वीआईपी को जानती थी तो बार बार उसके नाम के उल्लेख करने की मांग पर बैक फुट पर क्यों आयी। कांग्रेस कहीं न कहीं अंकिता के परिजनों को आगे कर भाजपा के खिलाफ षड्यंत्र रच रही है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।
उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा को कंफ्यूज्ड नेता करार देते हुए कहा कि वह बताये कि वह मूल निवास के मुद्दे पर आंदोलनकारियों का समर्थन करने की बात कहकर अब इससे मुकरने और रिसर्च की बात क्यों कर रहे हैं? उल्टा भाजपा पर आरोप लगा रहे हैं।

# एसटीएफ को मिली बड़ी कामयाबी, 02 लाख के इनामी गिरफ्तार

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
एसटीएफ ने गत वर्ष डोईवाला में हुई डकैती में शामिल 02 लाख रुपये के इनामी मुख्य कुख्यात डकैत को मेरठ, उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के विरुद्ध उत्तप्रदेश, उत्तराखंड और दिल्ली के विभिन्न थानों में 02 दर्जन से अधिक अभियोग पंजीकृत हैं।
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ आयुष अग्रवाल पत्रकारों को बताया कि थाना डोईवाला में घटित डकैती की घटना में शामिल यह अपराधी मुख्य भूमिका में था। इसकी गिरफ्तारी के लिए घटना के उपरान्त काफी प्रयास किये गये,लेकिन कामयाबी हासिल नहीं हो पायी थी। इस अपराधी की



गिरफ्तारी के लिए पुलिस मुख्यालय उत्तराखंड की ओर से 02 लाख रुपये इनाम की घोषणा की गयी थी। गिरफ्तार अभियुक्त परवेज उर्फ बाबा एक दुर्दान्त व कुख्यात अपराधी है। उसके विरुद्ध अब तक डकैती, लूट चोरी व हत्या के प्रयास के करीब 02 दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।
इस बदमाश को गिरफ्तार करने के लिये उत्तराखंड पुलिस के अलावा उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान व हरियाणा आदि राज्यों की पुलिस व एसटीएफ भी काफी समय से प्रयासरत थी। इनामी अभियुक्त परवेज उर्फ बाबा को 06 जनवरी को जनपद मेरठ उत्तरप्रदेश से गिरफ्तार किया गया। एसटीएफ देशभर में कई जगहों पर इस अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी अभियान चला रही थी। आयुष अग्रवाल ने बताया कि 15 अक्टूबर 2022 को वादी शीशपाल अग्रवाल पुत्र स्व.पूरनचन्द अग्रवाल निवासी घराट रोड गली थाना डोईवाला देहरादून, के घर में दोपहर के समय 12 बजे करीब अज्ञात अभियुक्त गणों ने घर में घुसकर हथियारों के बल पर वादी के घर के सदस्यों को कमरे में बन्धक बनाकर जान से मारने की धमकी देते हुए लूटपाट की घटना को अंजाम दिया था। इसमें डकैतों ने घर पर रखी काफी मात्रा में नकदी एवं जेवरात लूट लिये थे।
डकैती में शामिल बदमाशों में से 08 अभियुक्तगणों महबूब पुत्र इमरान, मुनव्वर पुत्र नूर अली, शमीम पुत्र इदरीश, तहसीम क्रैशी पुत्र वाहिद कुरेशी, मो. रियाज पुत्र आमिर अहमद, नावेद पुत्र इकबाल, मेहरबान उर्फ बावला पुत्र फैयाज, वसीम उर्फ काला पुत्र शराफत को पूर्व में पुलिस ने मय माल (नकदी जेवरात) के गिरफ्तार कर लिया था। डकैती में शामिल 9वां कुख्यात अभियुक्त नफीस उर्फ सपाटा पुत्र अब्दुल अजीज ने गिरफ्तारी के डर से न्यायालय में आत्मसर्मपण कर दिया गया था।

# विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवानिवृत्ति आयु होगी 65 वर्ष, जल्द लाया जाएगा प्रस्ताव

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
कैबिनेट मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत तकनीकी संवर्ग के कुल 1300 पद रिक्त हैं, जिनके सापेक्ष विभाग को केवल 250 पद भरने की ही स्वीकृति कैबिनेट ने पूर्व में दी थी। जबकि विभाग को पूरे प्रदेश में सभी 1300 पदों पर तकनीशियनों की आवश्यकता है। सूबे में विशेषज्ञ चिकित्सकों की भारी कमी को देखते हुए सरकार ने उनकी सेवानिवृत्ति की अधिवर्षता आयु 60 वर्ष से बढ़ाकर 65 वर्ष करने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही विशेषज्ञ



चिकित्सकों का पृथक कैडर भी बनेगा। जिसका प्रस्ताव शीघ्र कैबिनेट में लाया जाएगा।
शनिवार को स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत की अध्यक्षता में सचिवालय में स्वास्थ्य विभाग की उच्चस्तरीय बैठक हुई। जिसमें विभाग के अंतर्गत प्रदेशभर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी को दूर करने के लिए पृथक कैडर बनाने, वेतन वृद्धि और सेवानिवृत्ति की आयु 60 वर्ष से बढ़ाकर 65 वर्ष किए जाने का निर्णय लिया गया।

